संक्रमण दर का हवाला देते हुए प्रशासन ने पहले 25 फिर 50% दुकानें खोलने की दी अनुमति

# रतलाम शहर में अनलॉक का लेफ्ट-राइट, तीन दिन में 3 मर्तबा बदल दी गाइडलाइन

पत्रिका अनलॉक 2.0

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. शासन के निर्देशों के अनुरूप प्रशासन ने जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के निर्णय कर भले ही अनलॉक की प्रक्रिया शुरू कर दी है लेकिन गुरुवार से शुरू हुई राइट-लेफ्ट की इस प्रक्रिया में व्यापारी उलझ कर रह गए हैं, क्योंकि प्रशासन आधी रात तक बाजार को राइट-लेफ्ट में बांटने में लगा रहा। इससे व्यापारियों को इस बात की जानकारी नहीं रही कि कौन-सी

### निर्णय से छोटे-बड़े व्यापारियों में बढ़ेगी खाई

पट्टी राइट है और कौन सी लेफ्ट रहेगी। हमें कब दुकान खोलनी है।

इसके साथ ही प्रशासन के नित्य नए फरमान से भी व्यापारी असमंजस में है कि एक दिन पूर्व शहर पांच प्रतिशत से ज्यादा में था, तो 25 प्रतिशत दुकानें खोलने के निर्देश जारी किए थे। एक दिन बाद ही शहर में 50 प्रतिशत दुकानें खोलने का आदेश जारी कर दिया गया। इस आदेश में छोटे कारोबारियों को छूट नहीं मिलने से उन लोगों में यह संदेश गया कि प्रशासन भी मध्यम, गरीब व छोटे दुकानदारों पर ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि सबसे ज्यादा परेशानी इन छोटे दुकानदारों को हो रही है। अनलॉक प्रक्रिया को शुरू करने के पूर्व सभी प्रबुद्ध वर्ग के व्यापारियों से चर्चा की जाती और इसमें नियमों के अनुसार सभी वर्ग के व्यापारियों को लाभ मिल जाता तो व्यवस्था सुचारू होती। ग्राहकों को परेशानी से राहत मिलती।

## ऐसे बदलते रहे नियम

### 1 जून: 25 फीसदी अनलॉक



प्रशासन के द्वारा 1 जून से सभी किराना दुकानों को स्टैंडअलोन खोले जाने की अनुमति जारी की गई थी। शहर में संक्रमण की दर 5% से अधिक होने के चलते कुछ अन्य दुकानें भी शासन की मंशा अनुसार 25% के मान से खोलने की अनुमति थी लेकिन वह किस तरह से होगा इस पर संशय की स्थिति पहले दिन से बनी हुई थी। पहले दिन बाजार खुला लेकिन भीड़ अनियंत्रित हुई कई दुकानों को पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम को सील करना पड़ा।

### 2 जून: मंडियों का ताला खुला



पहले दिन के निर्णय के बाद दूसरे दिन भी प्रशासनिक अमला व्यवस्था को लेकर जूझता नजर आया। व्यापारी की अपनी बात रखने के लिए प्रशासन के अधिकारियों के पास पहुंचे। सेव नमकीन के व्यापारियों ने भी अपनी बात रखी तो प्रशासन ने अनाज मंडी के साथ लहसुन प्याज मंडी को भी तीन-तीन दिन अलग-अलग भागों में खोलने के लिए अनुमति जारी की। इस व्यवस्था में भी अनाज लेकर आने वाले सिर्फ 100 किसानों को पंजीयन के आधार पर प्रवेश देने की बात कही गई।

### 3 जून: 50 फीसदी बाजार खोला



प्रशासन द्वारा 3 जून के लिए आदेश जारी किए गए कि शहर में संक्रमण की दर 5% से कम होने के कारण 50% बाजार खोले जाएंगे लेकिन राइट और लेफ्ट की व्यवस्था रहेगी। एक दिन बाजार में राइट साइड की दुकानें खुलेंगी तो दूसरे ही दिन लेफ्ट साइड की। आदेश भी 2 जून की रात को जारी हुआ जिसके चलते सुबह तक व्यापारी असमंजस की स्थिति में रही कि उन्हें राइट साइड में लिया गया है या लेफ्ट में, व्यापारियों को बाजार में उनकी दुकान पहुंचने के बाद ही पता चला कि वह राइट में है या लेफ्ट में। व्यापारी नाराज है।

### लेफ्ट-राइट में ये परेशानियां

लेफ्ट-राइट पक्ति में बाजार खोलने से सबसे ज्यादा परेशानी ग्राहकों को उठाना पड़ रही है। क्योंकि कई ग्राहक सभी सामान एक ही दुकान से नहीं खरीदते हैं। ऐसे में अगर आज वह दुकान नहीं खुली तो उसे सामान खरीदने दूसरे दिन फिर बाजार में आना पड़ेगा। इससे बाजार में भीड़ कम नहीं होगी। दूसरे दिन लैफ्ट पट्टी खुलने पर बाजार में उतनी भीड़ नजर आएगी। प्रशासन का बल उतना ही लगेगा। उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पाएगी। प्रति स्पर्धा के इस दौर में इस प्रक्रिया से दुकानदारों में मनमुटाव बढ़ेगा। क्योंकि ग्राहक अगर दूसरी दुकान से सामान खरीदेगा, तो भाव के चलते ग्राहक टूटने का अंदेशा रहता है।

### लेफ्ट-राइट के बजाय ये होना चाहिए था

लैफ्ट-राइट के बजाय प्रशासन को दुकानें जोन या थाना क्षेत्र वाइज शुरू करना चाहिए थी। इससे सप्ताह में चार दिन चार जोन की दुकाने खुल जाती । उन क्षेत्र वालों को उन्हीं के क्षेत्र में आवश्यक सभी सामान मिलने से वे बाजार में नहीं आते। प्रशासन का ध्यान उसी जोन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता। अभी व्यक्ति अपने क्षेत्र को छोड़कर बाजार में आ रहा है। जिससे बाजार में भीड़ बढ़ रही है। जोन के दुकानदारों के पास सामान की कमी होने पर वह होलसेल वाले से सामान दुकान पर मंगा सकता है।

**झमक भरगट,** अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन

### बाजार का समन्वय बना कर वार अनुसार शुरू करते

अनलॉक की प्रक्रिया शुरू करने से पहले अगर बाजार का कॉम्बिनेशन बना कर जिन दुकानों पर ज्यादा भीड़ रहती है। उनका चयन कर उसमें कॉम्बिनेशन बैठाकर वार के अनुसार बाजार चालू करते तो व्यवस्था सुचारू होती। सबसे ज्यादा भीड़ किराना, कपड़ा, सराफा, बर्तन आदि पर रहती है। ऐसे में इनका कॉम्बिनेशन बनाकर वार तय कर देते तो ग्राहक की आवश्यकता की पूर्ति हो जाती। जिन दुकानों पर भीड़ नहीं रहती है व डिलेवरी के आर्डर से काम चल जाता है। तो उनको खोलने की छूट प्रदान करनी थी।

**अर्पित डागा,** कारोबारी

### छोटे-दुकानदारों की दुकान खुलवाने के लिए प्रयास जारी

हम शुरू से ही पूरे बाजार को सशर्त बाजार खोलने के लिए प्रशासन को अवगत कराते आ रहे हैं। इसमें छोटे-बड़े व्यापारियों की बात नहीं है। सेलून, ठेलागाड़ी, वाहन सुधारने वाले, होटल आदि कारोबारी की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। उनकी दुकानें खुलवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन से चर्चा जारी है। उन्हें भी अन्य कारोबारियों को जिस प्रकार सशर्त अनुमति दी है। ताकि वे भी नियम का पालन करते हुए अपना कारोबार कर सके।

**मनोज झालानी,** अध्यक्ष, संयुक्त व्यापारी संघ, रतलाम।

### अनलॉक में सभी कारोबारियों का ध्यान रखा जाए

प्रशासन ने जिस प्रकार से लैफ्ट-राइट के अनुसार बाजार खोलने का निर्णय किया है। इसको लेकर ग्राहकों को परेशानी हो रही है। उन्हें यह जानकारी नहीं है कि कौन-सी दुकान किस साइड में है। ऐसे में ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि दुकानदार व ग्राहक परेशान न हो। ऐसे में या तो एक दिन छोड़कर एक दिन की अलटर्नेट व्यवस्था करें। सभी दुकानदारों को शामिल करने के लिए देवास जिले में प्रशासन द्वारा लागू की गई व्यवस्था का अवलोकन कर सकते हैं।

**जोएब आरिफ,** प्रवक्ता, जिला शहर कांग्रेस कमेटी, रतलाम।

# बाजार पर तीसरी आंख से निगाह, भीड़ का थाने पर फोटो भेज कारवाई

रतलाम । शहर में गुरुवार से बाजार खुलने के साथी पुलिस ने भी कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराए जाने के लिए कमर कस ली है। पुलिस अब शहर भर में लगे ढाई सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों से बाजार पर निगरानी रख रही है, और भीड़ पाए जाने संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी कर रही है।



## 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

जानकारी के अनुसार जिले में अनलाक की प्रकिया जारी है, जिसके अंतर्गत जिला दंडाधिकारी रतलाम द्वारा आदेश जारी कर रतलाम शहर में 50 प्रतिशत दुकाने एक दिन दायें (राईट) तरफ व दूसरे दिन बायें (लेफ्ट) तरफ अल्टरनेट दिन में शाम 5 बजे तक खोले जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रत्येक दुकान पर रुल ऑफ सिक्स के अनुसार एक समय मे अधिकतम 6 व्यक्ति उपस्थित रह सकते है । परंतु फिर भी कुछ लोगो द्वारा नियमो की अनदेखी कर अनुमति के बिना अपनी दुकान खोल कर भीड़ एकत्र कर रहे है।

इसी तारतम्य मे अनलॉक होने के बाद पिछले 2 दिनों से कार्यवाही कर नियमो का उल्लंघन कर दुकान खोलने वाले व रुल ऑफ सिक्स का पालन न करने वाले कुल 27 दुकानों की सील कर दुकान मालिको के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।

इसी तारतम्य में रतलाम पुलिस द्वारा शहर मे लगे 250 से अधिक शासकीय सीसीटीवी कैमरो के जरिये सीसीटीवी कंट्रोल रूम से बाजारो पर निगरानी रखी जा रही है । जिन दुकानदारो द्वारा अपनी दुकान के सामने भीड़ का जामावड़ा लगा रखा है, या ग्राहको व दुकान मालिको द्वारा मास्क का उपयोग नहीं किया जा रहा है, उनके विडियो व फोटोग्राफ संबन्धित थाने को भेज कर कार्यवाही कराई जा रही है। वहीं दल भी लगातार निरीक्षण कर लापवाही वालों पर कार्रवाई की जा रही हैं।

## निर्धारित समय पश्चात खुला था शोरूम अर्थदंड वसूला

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश परशासन प्रशासन के निर्देशों का पालन कराने के लिए शहर में अधिकारियों के दल मुस्तैदी से भ्रमण करते हुए निरीक्षण कार्य कर रहे हैं टीम प्रभारी एवं जिला योजना अधिकारी बीके पाटीदार एवं उनके दल द्वारा नाहरपुरा स्थित बाटा शोरूम शाम 5 बजे बाद भी खुला पाए जाने पर 5000 जुर्माना किया गया है। इसी तरह खेरादीवास स्थित डीएम कलेक्शन कपड़ा दुकान 5.30 बजे खुली मिलने पर 1000 का चालान किया गया। साथ ही अन्य दुकानों पर भी कार्रवाई की गई।

## बिना मास्क वाले 73 लोगों पर कार्रवाई, 10 दुकान सील

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत गुरुवार को 73 लोगों के विरुद्ध बिना मास्क पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 7300 रूपये की पेनल्टी वसूली गई। इसी प्रकार 11 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2700 रुपए का जुर्माना वसूला गया तथा 10 दुकानों को सील किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में कार्यरत थानावार टीमों ने उक्त कार्रवाई की। पुलिस थाना माणकचौक अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई प्रदीप गोगादे के साथ पुलिस विभाग का अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी तैनात किए गए हैं। यह टीम प्रातः से दोपहर तक तथा इसी थाना क्षेत्र में दोपहर से रात्रि तक जिला परियोजना अधिकारी बी.एल. पाटीदार एवं टीम तैनात रही। इस टीम द्वारा गुरुवार को 10 दुकानों को सील किया गया। थाना दीनदयाल नगर अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी जिला पंजीयक पी.पी. वाजपेयी के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर तक तथा इसी थाना क्षेत्र में टीम प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल रात्रि में तैनात रहे। इस टीम द्वारा बिना मास्क वाले 18 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 1800 रुपए पेनल्टी वसूली गई तथा एक दुकान पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई। पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत दोपहर तक टीम प्रभारी एसडीओ लोक निर्माण विभाग सी.के. राय के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर तक एवं टीम प्रभारी उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. मनोज शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल रात्रि 8 बजे तक तैनात रहे। इस टीम द्वारा बिना मास्क वाले 32 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 3200 रूपए की पेनल्टी वसूली गई तथा 4 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2000 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई। पुलिस थाना स्टेशन रोड के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र में प्रभारी वाये प्रबंधक पीआईयू के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर तक तैनात रहे। इसी थाना क्षेत्र में रात्रि 8 बजे तक टीम प्रभारी महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहा। इस टीम द्वारा 23 व्यक्तियों पर बिना मास्क की कार्रवाई करते हुए 2300 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई। नवभारत

नवभारत 5/6/21

# कोरोना वॉलेंटियर्स को 15 अगस्त और 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा : मुख्यमंत्री

**- तीसरी लहर को रोकने के लिए अधिक से अधिक वॉलेंटियर बनें प्रदेशवासी**

**- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मैं कोरोना वॉलेंटियर अभियान के कार्यकर्ताओं से किया संवाद**

प्रसारण न्यूज़ • भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना नियंत्रण में प्रदेश के जन-भागीदारी मॉडल ने देश के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्राम, वार्ड, जनपद, शहरों और जिलों में जनता के साथ आने तथा क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों द्वारा जिम्मेदारी लेकर जनता कर्फ्यु में सहयोग करने के परिणाम स्वरूप ही प्रदेश में कोरोना नियंत्रित हो पाया है। मैं कोरोना वॉलेंटियर अभियान भी इस पूरी मुहिम का सशक्त अंग रहा है। कोरोना को नियंत्रित रखने और तीसरी लहर को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर प्रदेशवासियों को इस अभियान से जोड़ना होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, युवाओं और किशोरों से कोरोना वालेंटियर बनने की अपील की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय से मैं कोरोना वॉलेंटियर अभियान के अंतर्गत पंजीकृत वॉलेंटियर्स तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। वाणिज्यिक कर, वित्त तथा योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा और जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय कार्यक्रम में उपस्थित थे। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट तथा पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए।

## 1 लाख 19 हजार से अधिक हैं कोरोना वॉलेंटियर

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिंगरौली, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, शहडोल, सतना, ग्वालियर और भोपाल के कोरोना वॉलेंटियर्स से वर्चुअली बातचीत भी की। मैं कोरोना वॉलेंटियर अभियान से अब तक 1 लाख 19 हजार 730 से अधिक व्यक्ति जुड़े हैं। इनमें से लगभग 61 हजार से अधिक वालेंटियर्स ने वैक्सीनेशन समन्वयक, चिकित्सा सुविधा समन्वयक, मास्क जागरूकता समन्वयक, मोहल्ला टोली संगठन समन्वयक और दान श्रेणी के अंतर्गत प्रतिदिन सक्रिय रहते हुए अपना योगदान दिया।

**कोरोना वॉलेंटियर्स को प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेंगे :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना वालेंटियर्स तथा जन-अभियान परिषद के जिला समन्वयकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी धर्मों में पीड़ित व्यक्ति की मदद को सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। कोरोना की आपदा सदियों में आया भयानक संकट है। ऐसे में पीड़ित मानवता की सेवा के लिए अपनी जान को खतरे में डालते हुए आगे आये वॉलेंटियर्स के समर्पण और कर्मठता को देखकर मैं अभिभूत हूँ। कोरोना वालेंटियर्स को 15 अगस्त और 26 जनवरी को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

**वॉलेंटियर्स को अभी निभानी होगी जिम्मेदारी :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना नियंत्रण में है पर अभी चुनौती खत्म नहीं हुई है। कोरोना अनुकूल व्यवहार के पालन के लिए लोगों को जागरूक करना और उसका पालन सुनिश्चित कराना बड़ा दायित्व है। यह कोरोना वॉलेंटियर्स के बिना संभव नहीं होगा। वालेंटियर्स को अपने गाँव, वार्ड की जिम्मेदारी लेनी होगी। टेस्टिंग, कांटेक्ट ट्रेसिंग, किल कोरोना अभियान लगातार चलते रहेंगे। इन गतिविधियों से ही हम तीसरी लहर को रोक पायेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सागर की अपनी क्षमता लेकिन मानव भी कब थकता है की पंक्तियों से कोरोना वालेंटियर्स को निरंतर सक्रिय रहने की प्रेरणा दी।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया संवाद :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिंगरौली की सुश्री आरती बंसल, उज्जैन के श्री रूपेश परमार, शहडोल के श्री अंचल श्रीवास्तव, इंदौर के श्री प्रखर दुबे, जबलपुर के श्री प्रमोद, सतना की सुश्री कीर्ति दुबे और ग्वालियर के श्री अंशुमन शर्मा से कोरोना वॉलेंटियर के रूप में उनके अनुभवों को साझा किया।

प्रसारण

प्रसारण 5/6/21



# मेडिकल कॉलेज द्वारा विधायक चेतन्य काश्यप का अभिनंदन

प्रसारण न्यूज • रतलाम

शासकीय मेडिकल कॉलेज रतलाम की स्थापना से लेकर अब तक दिए गए सहयोग एवं कोरोना महामारी के संकटकाल में ऑक्सीजन प्लांट देकर आत्मनिर्भर बनाने वाले विधायक चेतन्य काश्यप का कॉलेज ने अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मान किया।

मेडिकल कॉलेज की ओर से डीन डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, अधीक्षक डॉ. प्रदीप मिश्रा, सहायक अधीक्षक डॉ. देवेन्द्र नायक एवं डॉ. पवन शर्मा ने विधायक श्री काश्यप को अभिनंदन पत्र भेंट किया। इसमें श्री काश्यप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना से न केवल मरीजों को सहयोग मिलेगा, वरन् शिक्षा के समाज में उच्चतम सांस्कृतिक प्रतिमानों की स्थापना भी होगी।

अभिनंदन पत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना से लेकर अब तक किए गए सहयोग के लिए श्री काश्यप का आभार जताया गया। चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा हाल ही में मेडिकल कॉलेज को 1 करोड़ 2 लाख की लागत वाला पीएसए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्लांट भेंट किया गया है। कॉलेज ने इसी उपलक्ष्य में उन्हें सम्मान पत्र देकर उनका अभिनंदन किया।

प्रसारण

प्रसारण 5/6/21

# मेडिकल कॉलेज से गुरुवार को 16 व्यक्ति डिस्चार्ज हुए

रतलाम। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर गुरुवार को 16 व्यक्ति अपने घर लौटे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 9 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 में से 25 पर पेशेंट है। एचडीयू में 172 बेड में 28 पर पेशेंट हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में 34 पर पेशेंट है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 4 पर पेशेंट भर्ती है। कुल 91 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है, इनमें 47 पॉजीटिव है तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 459 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5878, करंट स्टाक 145 है।

# शुक्रवार को 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों का टीकाकरण रतलाम शहर में सात स्थानों पर किया जाएगा

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि शुक्रवार 4 जून को रतलाम शहर में 18 से 44 वर्ष की आयु के लोगों को कोविड-19 टीका लगाने के लिए ऑनलाइन प्री बुकिंग के आधार पर सात स्थानों का निर्धारण किया गया है।

रतलाम शहर में महेश्वरी भवन कसेरा बाजार, आईएमए हाल राजेंद्र नगर, सूरजहॉल वेद व्यास कॉलोनी , गुरु नानक सिंधु भवन चिरियाखेड़ी रोड, लोकेंद्र नाथ भवन हरमाला रोड, लायंस हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे स्थित केंद्रों पर टीके लगाए जाएंगे।

# 14 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले

रतलाम। जिले में जहां कोरोना कहर पहले की तुलना में काफी कम हो चुका है। प्रशासन भी अपनी ओर से संक्रमण

# नगर निगम का रवैया निराशाजनक, पूर्व महापौर ने आशा जगाई

**रतलाम।** नगर निगम के निराशाजनक रवैये के कारण लॉकडाउन के दौरान शहर में पर्यावरण को लेकर विचित्र स्थिति निर्मित हुई है। एक तरफ नगर निगम के अमले ने पहले अपने कार्यालय परिसर और अब अमृत सागर रोड पर कई पेड़ काट डाले हैं, तो दूसरी तरफ प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा प्रशासन से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा देने के साथ सघन पौधारोपण की मांग कर रहे हैं। इससे नगर निगम की भूमिका पर कई सवाल उठ रहे हैं।

कोरोना काल में आक्सीजन की कमी, संकट और प्रबंध की जद्दोजहद सब देख चुके हैं। इससे नगर निगम भी अछूता नहीं था, लेकिन इसके बावजूद आक्सीजन देने वाले वृक्षों को काटने का सिलसिला लगातार जारी है। नगर निगम कार्यालय परिसर में लगे कई पेड़ों को पिछले दिनों सिर्फ भवन दिखाने के लिए काट दिया गया था और अब पता नहीं किस उद्देश्य से अमृत सागर मार्ग पर विवादित भूमि से कई पेड़ काट दिए गए हैं। रविवार को अमृत सागर उद्यान के सामने फलाहारी बाबा के आश्रम में 20 से अधिक हरे पेड़ काट दिए गए। पर्यावरण कार्यकर्ता व पत्रकार अदिति मिश्रा, सिकन्दर पटेल, विवेक जायसवाल, अधिवक्ता अदिति दवेसर आदि ने सूचना मिलते ही सक्रियता दिखाई और मौके पर जाकर निगम के अमले को आड़े हाथों लिया। इससे पेड़ काटने के काम पर तात्कालिक रोक लगी, लेकिन भविष्य में फिर पेड़ कटने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल इन पेड़ों को काटे जाने पर निगम के जिम्मेदारों के विरोधाभासी बयान थे, इंजीनियर ने आयुक्त के आदेश से कार्य करने की बात कही, तो निगम आयुक्त ने बताया केवल फोरलेन निर्माण की राह में आने वाले पेड़ों को काटना है। अंदर के पेड़ काटने के लिए नहीं कहा है। निगम प्रशासक एवं कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मामले की जांच करवाने का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों की मानें तो छोटी आरा मशीन से जामफल, सीताफल, सुरजना, गुलमोहर, पलाश आदि के पेड़ काट दिए गए। कर्मचारियों ने उन्हें यह कार्य नगर निगम की अनुमति से करने की जानकारी दी थी, जिस पर सोश्यल मीडिया पर यह खबर तत्काल वायरल हो गई थी। क्षेत्रवासियों ने बाकी बचे पेड़ों की सुरक्षा का प्रयास किया है, लेकिन निगम के रवैये से लगता है कि वह भविष्य में और पेड़ काट सकता है।

चूंकि ये पेड़ जिस भूमि पर है, उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य को लेकर कई पक्षों में विवाद चल रहा है। फलाहारी बाबा आश्रम की इस भूमि को नगर निगम जहां अपनी बता रहा है, वहीं कुछ लोगों ने अपने निजी स्वामित्व की भूमि होने का दावा किया है। भूमि पर आश्रम समिति का दावा भी है। वर्तमान में इसकी कीमत करोड़ों की है, इसलिए भूमि को लेकर षड्यंत्र की आशंकाएं जताई जा रही है। नगर निगम ने पेड़ काटने की वजह प्रस्तावित फोरलेन का निर्माण बताई है, लेकिन उसने निगम कार्यालय भवन के सामने के पेड़ क्यों काटे, उसका कोई ठोस कारण आज तक सामने नहीं आया है। इससे निगम की भूमिका सवालों के घेरे में है।

### पूर्व महापौर डागा की समयोचित मांग

वर्षाकाल नजदीक आता देख पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने भूजल स्तर वृद्धि के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधारोपण का सघन अभियान शुरू करने की मांग की है। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम को लिखे पत्र में श्री डागा ने बताया कि शहर एवं जिले में पिछले कुछ वर्षों से जल संकट और प्रदूषण लगातार बढ़ने से कई समस्याएं उपज रही हैं। एक पखवाड़े बाद मानसून का आगमन होने वाला है, इसलिए यदि वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दिया जाए और सभी भवनों पर रिचार्ज सिस्टम लगवाएं जाएं तो भूजल स्तर में काफी वृद्धि हो सकती है। वाटर हार्वेस्टिंग प्रति व्यक्ति की आवश्यकता अनुसार जल संग्रहण करने में सहायक है। इस कार्य में अधिक राशि भी नहीं लगती, इसलिए सर्वप्रथम सभी शासकीय भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाए। इसी प्रकार पौधारोपण के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर जगह-जगह विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगवाए जाएं, ताकि पर्यावरण संतुलन कायम हो सके।

3/6/21

# कोरोना कर्फ्यू अनलॉक होने के बाद जनता की जिम्मेदारी बढ़ी

**रतलाम।** प्रदेश के कई जिलों के साथ रतलाम भी 53 दिनों के लंबे लॉकडाउन के बाद 1 जून से अनलॉक हो गया है। जिला संकट प्रबंधन समिति की बैठक के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अनलॉक संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें आम लोगों को दी जाने वाली छूट, समय सीमा और शर्तें सभी शामिल किए गए हैं। इन आदेशों को जारी कर प्रशासन ने तो अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी, लेकिन अब जनता की बारी है। यदि जनता ने स्व-अनुशासन का पालन नहीं किया, तो कोरोना और लॉकडाउन को फिर लौटते देर नहीं लगेगी।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश अनुसार जिले में रोजाना रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू जारी रहेगा। शनिवार रात 10:00 बजे से सोमवार सुबह 6:00 बजे तक संपूर्ण लॉकडाउन भी रहेगा। 1 जून से सभी शासकीय कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारी एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ खोल दिए गए हैं। इसके अलावा जो अन्य छूट दी गई है, उसके मुताबिक एकल किराना दुकानें खुल सकेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में सामान वितरण के लिए सुबह 6:00 से 11:00 बजे और शहरी क्षेत्र में होम डिलीवरी के लिए सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक का समय रहेगा। सिर्फ पंजीयन कराने वाले फल व सब्जी विक्रेता फेरी लगाकर सुबह 6:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक फल और सब्जी का विक्रय कर सकेंगे। दूध वितरण सुबह 6:00 बजे से 9:00 बजे एवं शाम को 5:30 से 8:30 बजे तक किया जा सकेगा। सांची पॉइंट व दूध डेयरी सुबह 6:00 से शाम 6:00 बजे तक खुले रहेंगी। रेस्टोरेंट और भोजनालय होम डिलीवरी के लिए खोले जा सकेंगे, लेकिन डिलीवरी करने वाले का कोरोना टेस्ट अनिवार्य रहेगा। केमिस्ट, शासकीय राशन दुकान, आटा चक्की और पशु आहार की दुकानें एवं क्लीनिक के पास स्थित चश्मे की दुकानें भी खुलेंगी। शराब दुकान अनुबंध की शर्तों के अनुसार निर्धारित समय पर खुलेगी। पेट्रोल पंप के आसपास पंचर दुकान सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक खोलने की अनुमति रहेगी। जूते-चप्पल रिपेयर करने की दुकानें भी खुलेंगी और इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, कारपेंटर, मोटर मैकेनिक, आईटी सर्विस, केबल ऑपरेटर को घर-घर जाकर सेवा देने की छूट रहेगी। औद्योगिक इकाइयों की गतिविधियां, पार्सल और कुरियर सेवा जारी। कृषि उत्पाद खाद बीज एवं कृषि यंत्रों की दुकान सुबह 6:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक खुल सकेंगी। बैंक, बीमा और एटीएम सर्विसेस भी जारी रहेंगी। ऑटो रिक्शा में दो सवारी एवं टैक्सी में ड्राइवर सहित दो यात्री मास्क पहनकर आवागमन कर सकेंगे

शादी समारोह के लिए दोनों पक्षों की ओर से अधिकतम 20 लोगों और अंतिम संस्कार में अधिकतम 10 लोगों की अनुमति दी जाएगी। किसी भी दुकान पर 6 से अधिक लोग एकत्र नहीं हो सकेंगे। मास्क लगाना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। अब यदि इसमें कहीं भी लापरवाही मिलेगी, तो प्रशासन की टीमें भ्रमण कर चालान बनाएगी। कुल मिलाकर प्रशासन अब भी अपना काम करेगा, लेकिन आम जन को जागरूकता से कोरोना के खिलाफ जंग लड़ना पड़ेगी। जिले में 9 अप्रैल को जब लॉकडाउन लगाया गया था, तब पॉजिटिविटी रेट करीब 17 प्रतिशत था, जो मई माह में बढ़ कर 26 प्रतिशत तक पहुंच गया था। वर्तमान में सख्त लॉकडाउन के बाद जिले की पॉजिटिविटी दर मात्र 1.8 प्रतिशत ही बताई जा रही है। प्रशासन ने इसे भी कम कर शून्य पर लाने का लक्ष्य रखा है। इसीलिए जिले की जनता से अनलॉक के दौरान संयम बरतने और लापरवाही नहीं करने की अपील की गई है।

उज्जैन 3/6/21

**यह कैसा विकास**

# निर्माण के नाम पर काट दिए हरे पेड़

## रेलवे में चल रहा 3 करोड़ से अधिक की लागत से काम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** शहर के महू रोड गुजराती चाल में डेढ़ वर्ष से रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग का प्रशिक्षण शिविर निर्माण का काम चल रहा है। 3.52 करोड़ रुपए की लागत वाले इस निर्माण कार्य के दौरान वन विभाग की बगैर मंजूरी के प्राणवायु देने वाले कई हरे पेड़ काट दिए गए। मामले में खड़ी बात यह की कई वरिष्ठ अधिकारी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने जाते है, लेकिन किसी ने इस पर आपत्ती नहीं ली है।

रेलवे ने 18 माह की अवधि में पूरा करने के लिए 3.55 करोड़ रुपए की लागत से इंजीनियरिंग विभाग का प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिए मंजूरी दी थी। निर्माण कार्य को अब तक पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन लॉकडाउन की अवधि में निर्माण कार्य रुक गया तो अब इसके निर्माण की समय सीमा को बढ़ा दिया गया। यहां पर ड्रेनेज सिस्टम से लेकर निर्माण से जुड़ी कई अन्य कमी है। अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। यहां तक की रेलवे की इस कॉलोनी में आने जाने के रास्ते पर ही मलवा डाला हुआ है। इससे रेलकर्मी परेशान है।

### निरीक्षण में की अनदेखी

निर्माण कार्य के दौरान कई हरे भरे पेड़ की बली ले ली गई। इसके लिए वन विभाग से मंजूरी नहीं ली गई। इतना ही नहीं, अब भी जो काम शेष है उसको पूरा करने के लिए पेड़ जेसीबी मशीन की सहायता से काटे जा रहे है। डेढ़ वर्ष में निर्माण कार्य का निरीक्षण करने रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग से लेकर अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी आए, लेकिन किसी ने अब तक प्राणवायु देने वाले पेड़ को काटने पर आपत्ती नहीं ली।

### हमारे टेंडर में निर्माण कार्य करना

टेंडर के नियम अनुसार हमारा कार्य समय सीमा में निर्माण कार्य करना है। हमारे द्वारा वो किया पूरा सही किया जा रहा है। इससे अधिक कुछ नहीं कहना है। - **महेंद्र मोदी**, कार्य ठेकेदार

### शिकायत नहीं मिली

अब तक पेड़ काटने या रोड पर मलवा डालने की शिकायत नहीं मिली है। इस मामले में कोई शिकायत मिलेगी तब नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। - **जेके जयंत**, रेलवे जनसंपर्क अधिकारी

पत्रिका
5/6/21

## शहर कांग्रेस कमेटी की मांग पर जलकर पर पेनल्टी वसूली बंद हुई

रतलाम। विगत दिनों शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कर लॉक डाउन पीरियड में जलकर पर पेनल्टी वसूलने का जो जबरन आदेश नगर निगम द्वारा दिया गया था, उसका विरोध किया गया था। शहर कांग्रेस कमेटी ने मांग की थी कि काउंटर बंद होने के कारण जनता भुगतान करने नहीं आ सकती थी एवं काउंटर भी शासन द्वारा बंद कराए गए थे, इसलिए उनसे पेनल्टी वसूलना भी गलत है। इन सब बातों को लेकर आयुक्त नगर निगम ने आदेश देते हुए पेनल्टी वसूलना बंद कर दी है। अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, श्रीमती यास्मीन शैरानी, श्रीमती प्रेमलता दवे, मयंक जाट, रजनीकांत व्यास, मुबारिक खान, श्रीमती अदिति दवेसर, मनसूर अली पटौदी, मोहसिन भाई शैरानी, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, विजय सिंह चौहान, राजीव रावत, संजय छाजेड़, याह्याखान, नासिर कुरैशी, सैयद बुशरा, श्रीमती मीना बग्गा, महिप मिश्रा, नीलेश शर्मा, श्रीमती संगीता काकरिया, हिम्मत जैतवार, धर्मेंद्र शर्मा ने उक्त आदेश पर हर्ष व्यक्त करते हुए सच्चाई एवं आम जनता की जीत बताई है।

## जलकर पर पेनल्टी वसूली माफ हो-शहर कांग्रेस कमेटी

रतलाम। रतलाम जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष यास्मिन शेरानी, मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल सचिव रजनीकांत व्यास, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, मोहसिन भाई शेरानी, विजय सिंह चौहान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान, सांसद प्रतिनिधि राजीव रावत, नासिर कुरेशी ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कलेक्टर से मांग की है कि नगर निगम द्वारा जलकर में पिछले 2 माह की पेनल्टी भी वसूली की जा रही है। जबकि पिछले 2 माह से शहर में लॉकडाउन लगा हुआ है एवं जिला प्रशासन द्वारा स्वयं जल कर वसूली केंद्र बंद करा दिए गए थे। ऐसी अवस्था में उपभोक्ताओं से पेनल्टी वसूलना सर्वथा गलत है। तत्काल पेनल्टी माफी के आदेश दिए जाएं अन्यथा कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

## शहर कांग्रेस की मांग पर जलकर पर पेनल्टी वसूली बंद

रतलाम। विगत दिनों शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कर लॉकडाउन पीरियड में जलकर पर पेनल्टी वसूलने का जो जबरन आदेश नगर निगम द्वारा दिया गया था उसका विरोध किय गया था। शहर कांग्रेस कमेटी ने मांग की थी कि काउंटर बंद होने के कारण जनता भुगतान करने नहीं आ सकती थी एवं काउंटर भी शासन द्वारा बंद कराए गए थे इसलिए उनसे पेनल्टी वसूलना भी गलत है। इन सब बातों को लेकर निगमायुक्त ने आदेश देते हुए पेनल्टी वसूलना बंद कर दी है। अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, यास्मीन शेरानी, प्रेमलता दवे, मयंक जाट, रजनीकांत व्यास, मुबारिक खान, अदिति दवेसर, मनसूरअली पटौदी, मोहसिन शेरानी, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, विजय सिंह चौहान, राजीव रावत, संजय छाजेड़, याह्या खान, नासिर कुरेशी, सैयद बुशरा, मीना बग्गा, महिप मिश्रा, नीलेश शर्मा, संगीता काकरिया, हिम्मत जैतवार, धर्मेंद्र शर्मा ने उक्त आदेश पर हर्ष व्यक्त करते हुए सच्चाई एवं आम जनता की जीत बताई है।

## शहर कांग्रेस कमेटी की मांग पर जल कर पर पेनल्टी वसूली बंद

रतलाम ● विगत दिनों शहर कांग्रेस कमेटी ने तालाबंदी पीरियड में जल कर पर पेनल्टी वसूलने का जो जबरन आदेश नगर निगम द्वारा दिया गया था उसका विरोध किया गया था। शहर कांग्रेस कमेटी ने मांग की थी कि काउंटर बंद होने के कारण जनता भुगतान करने नहीं आ सकती थी एवं काउंटर भी शासन द्वारा बंद कराए गए थे इसलिए उनसे पेनल्टी वसूलना भी गलत है। इन सब बातों को लेकर आयुक्त नगर निगम ने आदेश देते हुए पेनल्टी वसूलना बंद कर दी है। यह जानकारी शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने दी।

## !! शहर कांग्रेस कमेटी की मांग पर जलकर पर पेनल्टी वसूली बंद हुई !!

रतलाम/ विगत दिनों शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कर लॉकडाउन पीरियड में जलकर पर पेनल्टी वसूलने का जो जबरन आदेश नगर निगम द्वारा दिया गया था उसका विरोध किया गया था! शहर कांग्रेस कमेटी ने मांग करी थी काउंटर बंद होने के कारण जनता भुगतान करने नहीं आ सकती थी एवं काउंटर भी शासन द्वारा बंद कराए गए थे इसलिए उनसे पेनल्टी वसूलना भी गलत है! इन सब बातों को लेकर आयुक्त महोदय नगर निगम ने आदेश देते हुए पेनल्टी वसूलना बंद कर दी है! अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, श्रीमती यास्मीन शेरानी, श्रीमती प्रेमलता दवे, श्री मयंक जाट, श्री रजनीकांत व्यास, मुबारिक खान, श्रीमती अदिति दवेसर, श्री मनसूर अली पटौदी, श्री मोहसिन भाई शेरानी, श्री बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाहा, विजय सिंह चौहान, श्री राजीव रावत, श्री संजय छाजेड़ श्री याहयाखान, श्री नासिर कुरेशी, श्री सैयद बुशरा, श्रीमती मीना बग्गा, श्री महिप मिश्रा, श्रीनीलेश शर्मा, श्रीमती संगीता काकरिया, श्री हिम्मत जैतवार, श्रीधर्मेंद्र शर्मा, ने उक्त आदेश पर हर्ष व्यक्त करते हुए सच्चाई एवं आम जनता की जीत बताई है!

# राइट के साथ कई जगह लेफ्ट की दुकानें भी खुली

## नई गाइडलाइन में लेफ्ट साइड वालों की बारी आज, बाजार में असमंजस की स्थिति बनी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में बाजार राइट व लेफ्ट की तर्ज पर खोले जाने की व्यवस्था में गुरुवार को सड़क के राइट वाले हिस्से में दुकानें खोली गईं। बुधवार रात जारी आदेश के बाद राइट-लेफ्ट निर्धारण को लेकर इंटरनेट मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई थी, रात में ही निगम अमले से सड़कों पर राइट व लेफ्ट के लिए चिह्न बनाए गए। सुबह कई जगह दुकानें खोलने को लेकर असमंजस भी रहा। अनलाक गाइडलाइन पालन कराने के लिए तैनात प्रशासन के दल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति स्पष्ट की तो कई जगह लेफ्ट वाले हिस्से में भी दुकानें खुली रहीं। शुक्रवार को लेफ्ट साइड की दुकानें खोली जाएंगी जबकि शनिवार व रविवार को दुकानें बंद रहेंगी।

मालूम हो कि एक जून से अनलाक के बाद किराना, दवा, वाइन, आटा चक्की दुकानें खोलने की अनुमति दी गई थी। शेष दुकानों को लेकर गुरुवार से ही गाइडलाइन तय की गई। हालांकि व्यापारी इससे भी संतुष्ट नहीं हैं। बाजार में भी गुरुवार को भीड़ रही, लेकिन अधिकांश लोग मास्क पहने भी नजर आए। इधर अनलाक के बाद शहर में लगे 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा दुकानों की निगरानी की जा रही है। पिछले दो दिनों में नियमों का उल्लंघन करने पर 27 दुकानों को सील कर उनके मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



रतलाम के न्यू क्लाथ मार्केट में खुली राइट साइड की दुकानें। • नईदुनिया

**छत्रीपुल पर आटो पार्ट्स की दुकानें खुली, गैरेज बंद:** बाजार खुलने की नई स्थिति बन गई। यहां सड़क के लेफ्ट वाले हिस्से में गैरेज संचालित किए जाते हैं, जबकि आटो पार्ट्स की दुकानें राइट वाले हिस्से में हैं। गुरुवार को गैरेज बंद रहे और आटो पार्ट्स की दुकानें खुली रहीं, जिससे वाहन सुधरवाने आए लोगों को भी परेशानी हुई। शुक्रवार को जब गैरेज खुलेंगे तो पार्ट्स की दुकानें बंद रहेंगी। यही समस्या धानमंडी, कपड़ा बाजार में भी हिस्सों में होने से व्यापारी परेशान होते रहे।

**आज से व्यापारियों की सैंपलिंग की जाएगी:** शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि चार जून को रतलाम शहर में कसारा मांगलिक भवन, बजाज खाना न्यू क्लॉथ मार्केट बिल्डिंग सहित अन्य स्थानों पर सैंपलिंग का कार्य किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से भी आग्रह किया है कि सैंपलिंग करवा कर स्वयं व ग्राहकों को भी सुरक्षा प्रदान करें।

**10 दुकानों को सील किया गया:** शहर में गुरुवार को 73 लोगों के विरुद्ध बिना मास्क पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 7300 रुपये की पेनाल्टी वसूली गई। इसी प्रकार 11 दुकानों संचालकों से 2700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। सीसीटीवी कैमरे से भी बाजार में नजर रखी जा रही है। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई में टीम द्वारा माणकचौक थाना क्षेत्र में 10 दुकानों को सील किया गया।

दीनदयाल नगर थाना टीम द्वारा बिना मास्क वाले 18 व्यक्तियों से 1800 रुपये व एक दुकान पर जुर्माने की कार्रवाई वसूली। थाना औद्योगिक क्षेत्र बगैर मास्क वाले 32 व्यक्तियों से 3200 रुपये व चार दुकानों संचालकों से 2000 रुपये व स्टेशन रोड थाने की टीम द्वारा 23 व्यक्तियों से 2300 रुपये की जुर्माना राशि वसूली।

**निर्धारित समय के बाद दुकान खुली मिली, जुर्माना:** शहर में शाम पांच बजे तक दुकानें खुली रखी जाने की अनुमति है। गुरुवार को नाहरपुरा स्थित बाटा शोरूम शाम पांच बजे बाद भी खुला पाए जाने पर 5000 व खेरादीवास स्थित डीएम कलेक्शन कपड़ा दुकान पर 1000 रुपये का चालान किया गया।

**भीड़ लगते ही थानों पर भेजे जा रहे फुटेज:** गाइडलाइन अनुसार एक समय में दुकान पर अधिकतम छह व्यक्ति ही उपस्थित रह सकते हैं। कई दुकानों पर भीड़ लग जाती है और दुकानदार नियमों का उल्लंघन करते हैं। जिन्हें अनुमति नहीं मिली है वो भी दुकानें खोल रही हैं। भीड़ लगाने वाले दुकानदारों व जिन ग्राहकों द्वारा मास्क का उपयोग नहीं किया जा रहा है, उनके वीडियो व फोटो संबंधित थानों पर भेजकर कार्रवाई कराई जा रही है।

नईदुनिया 5/6/21

# जवानों को नहीं पता राइट-लेफ्ट, टीआई ने कहा-दुकानदारों ने सही खोलीं दुकानें

## धानमंडी में मार्किंग को देखकर व्यापारी कंफ्यूज हुए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

धानमंडी स्थित हनुमान मंदिर के सामने वाली पट्टी में राइट और लेफ्ट के निशान एक साथ लगा दिए। गुरुवार सुबह जब व्यापारी दुकानें खोलने पहुंचे तो एक साथ निशान देखकर कंफ्यूज हो गए और दुकानों के बाहर ही खड़े हो गए। इसके बाद माणकचौक थाना टीआई के साथ टीम पहुंची तो व्यापारियों ने उन्हें अपनी समस्या बताई। इस पर टीम ने कहा कि आज राइट मान कर दुकान खोल लो, कल मत खोलना। कुछ इसी तरह की स्थिति व्यास दाल बाटी की लाइन की रही। इस पट्टी के दुकानदारों ने दुकानें खोल ली तो पुलिस बंद कराने पहुंच गई। इसके बाद टीआई पहुंचे और बोले आर का निशान लगा है। इससे दुकान खोल लो।



राइट और लेफ्ट के एक साथ निशान।

**समझाइश देना चाहिए और फिर चालान बनाना चाहिए** - शाम पौने पांच बजते ही पुलिस व्यापारियों की दुकानों पर पहुंच उनसे कहती है कि पांच बजने वाली है दुकानें बंद करना शुरू कर दो। वहीं पांच बजे के बाद पांच मिनट तक भी किसी की दुकान खुली रह जाए तो चालानी कार्रवाई शुरू हो जाती है। जबकि व्यापारियों को पहले समझाइश देना चाहिए और फिर चालान बनाना चाहिए।

# कोरोना नियंत्रण के लिए पहेली बने प्रशासन के फैसले

**रतलाम।** जिले में कलेक्टर बदले जाने के बाद कोरोना महामारी पर आश्चर्यजनक रूप से नियंत्रण पा लिया गया है। पिछले महीने कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा जहां 400 के करीब जा पहुंचा था, वहीं इस महीने यह आंकड़ा 20 के अंदर सिमट रहा है। इस नियंत्रण के लिए प्रशासन ने कई सख्तियां की, लेकिन उसके कई फैसले अब भी आम लोगों में पहेली बने हुए हैं।

प्रशासन ने एक तरफ पहले अधिकांश कोरोना संक्रमितों को होम आइसोलेट कर स्वस्थ किया, लेकिन अब कोरोना संक्रमितों को किसी भी स्थिति में होम आइसोलेट नहीं रखने का फैसला सामने आया है। जबकि हकीकत में मरीज जितनी जल्दी घर में ठीक हुए, उतने अस्तपाल में कहीं भी नहीं हुए, इसलिए उक्त फैसले से जनता में राहत के बजाए भय की स्थिति बन रही है। कोरोना संक्रमित के इलाज का फैसला उसे अथवा उसके घरवालों को ही करने दिया जाता, तो अधिक राहतमंद होता।

प्रशासन ने इससे पहले कोरोना जांच के लिए ई-पास जरूरी कर दिया था, जबकि जांच के लिए कोई शर्त नहीं होना चाहिए। इससे जांच में कमी आने के कारण संक्रमितों की संख्या कम होने की आशंका बलवती हो रही है। जिला अस्पताल में संचालित फीवर क्लिनिक को अम्बेडकर हाल में स्थानांतरित करने का फैसला भी समझ से परे है, क्योंकि पूरे कोरोना काल में अस्पताल में संचालित होने के बाद नियंत्रण के नाम पर उसे वहां से हटा दिया गया। इससे मरीजों को परेशानी उठाना पड़ रही है।

प्रशासन के दल ने सब्जियों और अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं को लेकर भी सिर्फ आम जनता के लिए ही पाबंदिया लगाई। अधिकारियों और प्रशासनिक अमले के लिए कोई पाबंदिया नहीं रही। सब्जी विक्रेता खुद अफसरों को सब्जी पहुँचाने के दावे कर प्रशासनिक पोल खोलते नजर आए। प्रशासन के इस रवैये से ऊपरी तौर पर भले ही कोरोना संक्रमण को लेकर रतलाम की स्थिति बदल गई। लेकिन जानकारों का मत है कि स्थिति फिर कभी भी बदल सकती है। लॉकडाउन खुलने के बाद अनलॉक में लापरवाहियां जारी रही, तो कोरोना संक्रमण फिर अपना असर दिखा सकता है।

# व्यापारियों की सैंपल टेस्टिंग के लिए दिए निर्देश

**कलेक्टर ने वीसी में कोरोना नियंत्रण की समीक्षा की**

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार शाम वीसी लेकर कोविड-नियंत्रण की समीक्षा की। आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रगति से अवगत हुए जिले में स्थापित कोविड-केयर सेंटर्स की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। रतलाम शहर में व्यापारियों में संक्रमण के फैलाव पर नियंत्रण के लिए निर्देश दिए। व्यापारियों के सैंपल लेकर लेबोरेटरी जांच की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इनमें रतलाम बालिका आवासीय परिसर कोविड-केयर सेंटर को अपडेट रखना, वहां सभी जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता, सेंटर में भर्ती मरीजों को मूलभूत सुविधा किट उपलब्ध कराना, जिला चिकित्सालय की ओपीडी सुदृढ़ करना, ओपीडी में आने वाले मरीजों को चिन्हित कर आयुष्मान कार्ड बनवाना आदि शामिल है। कोविड-केयर सेंटर में आने वाले मरीज को किट दिया जाएगा, जिसमें कंघा, ब्रश, टूथपेस्ट, ऑयल, नैपकिन, च्यवनप्राश इत्यादि मूलभूत जरूरतों की पूर्ति की चीजें रहेंगी। सी एम एच ओ को कोरोना के अलावा अन्य बीमारियों पर भी नजर रखने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर द्वारा उन अधिकारियों को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में वीसी अटेंड करने की ताकीद की गई, जो जिला मुख्यालय पर पदस्थ हैं।

## शहर में व्यापारियों की सैंपलिंग की जाएगी

**रतलाम।** शहर में अनलॉक के तहत राइट -लेफ्ट पद्धति से पचास प्रतिशत बाजार खुलने लगा है। कोरोना संक्रमण को रोकने तथा नागरिकों एवं व्यापारियों की सुरक्षा की दृष्टि से शहर के व्यापारियों, व्यवसायियों की कोरोना सैंपलिंग की जाएगी। रतलाम शहर एस डी एम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 4 जून को रतलाम शहर में कसारा मांगलिक भवन, बजाज खाना नया कलोथ मार्केट छिलिया मस्जिद, अन्य

**अफसरों की लेफ्ट-राइट शुरू** • आदेश का उल्लंघन करने पर 11 दुकानदारों पर अमले ने की कार्रवाई

# आजाद चौक गोल इसलिए यहां 1 दिन छोड़ खुलेगी पड़ोस वाली जेवरों की दूसरी दुकान

## शहर में लेफ्ट-राइट की वजह से गफलत हुई, पुलिस ने कई जगह बंद कराईं दुकानें

### कई इलाकों में मार्किंग ही नहीं कर पाया था प्रशासन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

गुरुवार से लागू हुआ दुकानें खुलने का राइट-लेफ्ट सिस्टम आजाद चौक मार्केट आकर फेल हो गया। वजह मार्केट का गोल है, इसलिए राइट-लेफ्ट कैसे निकालें। माजरा समझ आते ही एसडीएम अभिषेक गेहलोत मार्केट के लिए राइट-लेफ्ट की जगह वन-टू सिस्टम बनाया। इसके बाद आजाद चौक गोल मार्केट की 53 में से 26 दुकानें खुलीं। बाकी की 26 शुक्रवार को खुलेंगी। इसी तरह बाकी शहर में भी सिस्टम लागू करने के लिए अफसरों को सुबह से शाम तक मैदान संभालना पड़ा। मुख्य बाजार में तो नगर निगम ने मार्किंग कर दी थी। गफलत वहां हुई, जहां मार्किंग नहीं हो पाई थी। व्यापारियों से इसकी शिकायत मिलते ही अफसर पहुंचे और मार्किंग करके दुकानें खुलवाईं। गुरुवार को राइट साइड की दुकानें खुली थीं। शुक्रवार को लेफ्ट साइड की खुलेंगी।

**इन इलाकों में सुबह ताबड़तोड़ करना पड़ी मार्किंग** - अलकापुरी, मिर्ची गली, भुट्टा बाजार, अंडा गली, टाटा नगर, दिनदयाल नगर आदि।



आजाद चौक में गुरुवार को जो दुकानें खुली (लाल) उनके पास वाली दुकानें (ग्रे) आज (शुक्रवार) को खुलेंगी।

### पांच बजे बाद भी खुला था बाटा शोरूम, 5000 रुपए का जुर्माना, 10 दुकानें सील

जिला योजना अधिकारी बीके पाटीदार की टीम ने दौरान नाहरपुरा स्थित बाटा शोरूम 5 बजे बाद भी खुला मिला। दुकानदार पर 5000 का जुर्माना लगाया। खेरादीवास स्थित डीएम कलेक्शन कपड़ा दुकान 5.30 बजे भी खुली थी। 1000 रुपए का चालान बनाया। वहीं गुरुवार को 11 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनसे 2700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं 10 दुकानों को सील कर दिया गया। इसके अलावा 73 लोग बिना मास्क घूमते मिले, जिन पर 7300 रुपए की पैनल्टी लगाई। कार्रवाई एसडीएम अभिषेक गेहलोत के नेतृत्व में हुई। चार टीमों में माणकचौक थाने की टीम ने सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 दुकानों को सील किया। दीनदयाल नगर थाना टीम ने 18 व्यक्तियों को बिना मास्क पकड़ा। एक दुकान प्रतिबंध के बावजूद खुली मिलने पर 500 रुपए की जुर्माना वसूला। औद्योगिक क्षेत्र थाना टीम ने 32 व्यक्तियों पर 3200 रुपए की पैनल्टी लगाई। वहीं 4 दुकानों से 2000 रुपए का जुर्माना वसूला। स्टेशन रोड थाना टीम ने 23 लोगों पर 2300 रुपए जुर्माना लगाया।

**अन्य दुकानदारों का कोरोना टेस्ट होगा** - अनलॉक के साथ सरकारी अमला कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के भी जतन कर रहा है। गुरुवार से 50 प्रतिशत बाजार खुलने के बाद शुक्रवार से दुकानदारों और व्यापारियों का कोरोना टेस्ट किया जाएगा। सैंपल लेने के लिए स्थान भी तय कर दिए गए हैं। 4 जून को कसारा मांगलिक भवन, बजाज खाना न्यू क्लॉथ मार्केट बिल्डिंग में सैंपलिंग की जाएगी।

**गफलत हुई थी-** ■ सुबह कुछ इलाकों में मार्किंग नहीं होने से गफलत हुई थी। वहां भी व्यवस्था बन गई है। दुकानदारों और ग्राहकों की सुरक्षा के लिए 4 जून से व्यापारियों का कोरोना टेस्ट भी किया जाएगा। अभी दो स्थान तय किए हैं, इन्हें बढ़ाया जाएगा। चांदनी चौक गोल मार्केट के लिए वन-टू सिस्टम बनाया है।

**अभिषेक गेहलोत,** एसडीएम

दैनिक भास्कर 5/6/21

**सुरक्षा कवच** **जिले में अब तक दो लाख तीन हजार 861 टीके लगाए गए**

# शहर में आज सात स्थानों पर होगा टीकाकरण

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि शुक्रवार को रतलाम शहर में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग में आनलाइन प्री बुकिंग के आधार पर सात स्थानों का निर्धारण किया गया है। रतलाम शहर में माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, सूरज हाल वेद व्यास कालोनी, गुरुनानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी रोड, लोकेंद्र नाथ भवन हरमाला रोड, लायंस हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे स्थित केंद्रों पर टीके लगाए जाएंगे।

**45 वर्ष से अधिक वर्ग में यहां टीकाकरण :** कम्युनिटी हाल अलकापुरी, आफिसर क्लब, डीआरएम आफिस के पास दो बत्ती, काश्यप सभागृह सागोद रोड।

जिले में अब तक 203861 कोविड के टीके लगाए जा चुके हैं। इसमें से 34686 लोगों को कोविड का दूसरा टीका लगाया जा चुका है। जिले में 13072 टीके हेल्थ केयर वर्कर, 14071 टीके फ्रंट लाइन वर्कर, 33940 टीके 18 से 44 वर्ष आयु समूह, 75365 टीके 45 से 60 वर्ष आयु समूह, 67413 टीके 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को लगाए जा चुके हैं।

**बैंकर्स के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन:** सेंट्रल बैंक आफ इंडिया अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा प्रशासन के सहयोग से गुरुवार को श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट के सत्संग सभागृह में 18 वर्ष से 44 वर्ष आयु वर्ग के बैंकर्स के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक वीआर नाईक, जिला संयोजक आरएस इन्देरिया, अग्रणी जिला अधिकारी राजेश अम्बोलिकर, बैंक आफ महाराष्ट्र प्रबंधक अमित गुप्ता एवं मप्र सेंट्रल बैंक आफिसर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश टी जेठानी उपस्थित रहे। शिविर में 300 से अधिक बैंक स्टाफ को टीके लगाए गए।



रतलाम के कालिका माता सत्संग हाल में बैंककर्मियों व अधिकारियों टीका लगाती हुई स्वास्थ्यकर्मी। ● नईदुनिया

नईदुनीया 5/6/21

## जिला चिकित्सालय में लगेगा ऑक्सीजन प्लांट-काश्यप

रतलाम ● जिला चिकित्सालय में भी जल्द ऑक्सीजन प्लांट स्थापित हो जाएगा। इसकी क्षमता 27 मीटर क्यूब ( 500 लीटर प्रति मिनट) है। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि शासन ने जिला अस्पताल में 20 बेड के आईसीयू वार्ड के साथ ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत किया था। वर्तमान में आईसीयू वार्ड में सिलेंडर से लिक्विड ऑक्सीजन की व्यवस्था हो रही है। जिला अस्पताल को ऑक्सीजन हेतु आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से ऑक्सीजन प्लांट जल्द लगाने का आग्रह किया था। अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के लिए शेड तैयार हो चुका है। केवल कोविड केयर सेंटर तक लाइन बिछाना बाकी है। लाइन का कार्य पूरा होते ही प्लांट शुरू किया जाएगा। रेडिएशन सम्बन्धी अनुमति भी मुंबई से प्राप्त हो चुकी है। सीटी स्कैन मशीन से मरीजों के उपचार में बहुत राहत मिलेगी

## मेडिकल कॉलेज में 459 बेड खाली

**रतलाम** | गुरुवार को मेडिकल कॉलेज से 16 मरीज ठीक होकर अपने घर पहुंचे। 459 बेड खाली थे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में 9 नए मरीज भी भर्ती हुए हैं। अस्पताल में कुल 550 बेड हैं इसमें से आईसीयू में 25, एचडीयू में 28, ऑक्सीजन बेड पर 34 मरीज भर्ती हैं।

# फोरलेन बनाते समय काटे थे 100 पेड़, याचिका पर कोर्ट ने मांगा सबूत तो पौधे रोपने की हुई फिक्र

## समाजसेवी संस्था के सहारे नगर निगम चलाएगा अभियान, मिशन ऑक्सीजन में 500 पौधे लगाएंगे

### अच्छी बात : पेड़ बनने तक करेंगे देखरेख

भास्कर संवाददाता | रतलाम

तीन साल पहले बाजना फोरलेन बनाने के लिए पेड़ काटने की परमिशन देने के बदले अब नगर निगम 500 पौधे लगाएगा। अभियान का नाम होगा मिशन ऑक्सीजन, जो प्रबल सामाजिक संस्था के सहयोग से चलेगा। दरअसल 2017-18 में बाजना बस स्टैंड से बरोठ माता मंदिर तक 3.6 किमी का फोरलेन, जबकि उसके आगे बाजना तक टू लेन बनाने का काम शुरू हुआ था। पीडब्ल्यूडी ने 395 पेड़ काटने की परमिशन निगम से ली थी। इसमें लगभग 100 बड़े पेड़ थे। कटाई के दौरान प्रबल सामाजिक संस्था ने विरोध किया था, लेकिन न निगम ने ध्यान दिया न पीडब्ल्यूडी ने। इसे लेकर समाजसेवी अदिति दवेसर ने 2019 में जनहित याचिका लगाई थी। फैसला 2020 में आया, जिसमें कोर्ट ने काटे गए पेड़ के बदले नए पेड़ कहां लगाए उनके वेरिफिकेशन के आदेश दिए थे। अब प्रबल संस्था के सहारे निगम पौधे लगाएगा।

**45 पेड़ किए थे ट्रांसप्लांट** – काटने को लेकर उठे विवाद के बाद जन अभियान परिषद, प्रशासन व जनसहयोग से 45 पेड़ों का नए कलेक्टोरेट परिसर और ट्रांसप्लांट किया गया था। सारा काम इंदौर के प्रेम जोशी की टीम की देखरेख में हुआ था। एक पेड़ के ट्रांसप्लांट पर 10 से 12 हजार का खर्च आया था।

### 5 जून को मेडिकल कॉलेज से होगी शुरुआत

मिशन ऑक्सीजन की शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस से होगी। 5 जून को सबसे पहले मेडिकल कॉलेज कैम्पस में 50 पौधों का रोपण किया जाएगा। अभियान में 8 से 10 प्रजातियों के शहर में अलग-अलग जगह 500 पौधे रोपे जाएंगे। सबसे बड़ी बात इनकी सुरक्षा की है, जिसके लिए नगर निगम ट्री गार्ड भी लगवा रहा है। संस्था की टीम के अशेष अग्निहोत्री, आकाश कोठारी, हर्ष पटवा, रजनी प्रजापत, अदिति मिश्रा, विपिन शर्मा, रिंकू पाटीदार, डॉ. शैलेष शर्मा ने तैयारी शुरू कर दी है। अभियान सितंबर तक चलेगा। प्रत्येक वार्ड में एक कमेटी बनाकर बीज बैंक भी बनाएंगे। उससे छोटे पौधे तैयार करके उनका रोपण करेंगे।

- *पेड़ों को बचाना और काटे पेड़ों के बदले नए पौधे लगाकर पेड़ बनने तक देखभाल करेंगे। निगम के साथ मिलकर जून से सितंबर तक 500 पौधे लगाएंगे।* – **अदिति दवेसर,** *समाजसेवी और प्रबल सामाजिक संस्था*

- *पर्यावरण दिवस से शुरू करेंगे। इनमें ज्यादातर छायादार जैसे नीम, कनेर, बोगनवेलिया सहित 8 से 10 प्रजाति के होंगे। जैसे-जैसे पौधरोपण होता जाएगा पौधे उपलब्ध करवाते जाएंगे। सुरक्षा का प्रबंध भी करेंगे।* – **अरविंद दशोत्तर,** *उद्यान प्रभारी*

दै. भास्कर
5/6/21

# ड्यूटी से गैर-हाजिर मिले 36 सफाई कर्मी और 10 हेल्पर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बुधवार की तरह गुरुवार को भी 36 सफाई कर्मचारी और 10 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन के हेल्पर ड्यूटी से गैर-हाजिर मिले। वह भी बिना अनुमति के। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की लापरवाही पकड़ में आई। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी को आधे व एक दिन का वेतन काटने का नोटिस जारी कर दिया है। इसमें तीन दिन में जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को जोन एक में 14, जोन दो में 5, जोन तीन में 4 और जोन चार में 13 कर्मचारी ड्यूटी से गैर-हाजिर मिले। इसी तरह कचरा संग्रहण वाहन के 10 हेल्पर भी अनुपस्थित मिले। बता दें बुधवार को 53 सफाई कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे।

दै. भास्कर
4/6/21

# 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के माता-पिता और विदेश जाने वाले विद्यार्थियों को टीकाकरण में प्राथमिकता : मुख्यमंत्री श्री चौहान



प्रसारण न्यूज़ • भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमने कोरोना की दूसरी लहर पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है। तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है। तीसरी लहर का मुकाबला करने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि इसका असर बच्चों पर ज्यादा होगा। इस आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण करने का फैसला लिया गया है। अलग-अलग स्तर पर बच्चों के विशेष वार्ड बनाने का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रालय में मीडिया को जारी संदेश में यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह भी फैसला लिया गया है कि जिन माता-पिता के बच्चों की उम्र 12 वर्ष से कम है, उन बच्चों के माता-पिता को टीकाकरण में प्राथमिकता दी जाएगी। उनका टीकाकरण बहुत आवश्यक है, क्योंकि किसी बच्चे को यदि संक्रमण हुआ, तो बच्चे के साथ माता या पिता का रहना आवश्यक होगा। माता-पिता का टीकाकरण हो जाएगा, तो वे बच्चों की देख-भाल करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरे ध्यान में यह तथ्य भी आया है कि मध्यप्रदेश के कई बेटे- बेटियां शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। अतः यह फैसला भी लिया गया है कि जिन बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाना है, उनका प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण किया जायगा, जिससे वे सुरक्षित विदेश जा सकें और शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# ऑक्सीजन प्लांट से कॉलेज को हर माह होगी 10 लाख रूपए की बचत

## मुख्यमंत्री ने रतलाम मेडिकल कॉलेज में स्थापित पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का वर्चुअल शुभारंभ किया

**रतलाम।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम मेडिकल कॉलेज में विधायक चेतन्य काश्यप के निजी ट्रस्ट चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन द्वारा 1.02 करोड़ की लागत से स्थापित पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने तुलसीदासजी की पंक्तियां 'परहित सरस धर्म नहीं भाई, पर पीड़ा सम नहीं अधमाई' का उल्लेख करते हुए कहा कि चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने मानवता की सेवा का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऑक्सीजन की दिक्कत आई, तो रतलाम के मेडिकल कॉलेज के संबंध में विधायक चेतन्य काश्यप ने त्वरित निर्णय लिया और उनके प्रयासों से मात्र 35-40 दिनों में 1000 लीटर प्रति मिनिट क्षमता का यह ऑक्सीजन प्लांट स्थापित हो गया है। श्री चौहान ने कहा कि यह प्लांट मेडिकल कॉलेज के लिए बहुत उपयोगी होगा। इससे कॉलेज ऑक्सीजन के मामले में आत्मनिर्भर होगा। चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने इसके साथ ही 1.35 करोड़ रूपए के ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी आयात किए हैं और मेडिकल कॉलेज में 70 कंसंट्रेटर देकर 60 बेड का ऑक्सीजन वार्ड शुरू करवाया है। मंदसौर-नीमच में 25, झाबुआ-आलीराजपुर में 20, रतलाम ग्रामीण एवं बदनावर में 10-10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विधायक श्री काश्यप ने अपने संस्थान काश्यप स्वीटनर्स लिमिटेड बदनावर में पीएसए टेक्नोलॉजी का स्वनिर्मित ऑक्सीजन प्लांट बदनावर चिकित्सालय में लगवाया। यह सभी कार्य मनुष्य की सर्वश्रेष्ठ सोच प्रकट करने वाले हैं। संकट के समय कुछ मांगें नहीं और जो दे सकते हैं, वह तुरंत दे देवें, यही श्री काश्यप ने किया है।

रतलाम में अध्यक्षता कर रहे जिले के कोविड प्रभारी एवं प्रदेश के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में चेतन्य काश्यप फाउण्डेशन ने ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करके मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने में मेडिकल कॉलेज एवं प्रशासन के साथ हर नागरिक का योगदान रहा है। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि रतलाम मेडिकल कॉलेज की स्थापना में विधायक श्री काश्यप का महत्वपूर्ण योगदान है।

विधायक चेतन्य काश्यप ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की विशेष रुचि एवं आशीर्वाद से 5 वर्षों के दौरान रतलाम में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई है और इसने अल्पसमय में अपनी सार्थकता सिद्ध की है। यहां झाबुआ, आलीराजपुर, धार, मंदसौर, नीमच एवं राजस्थान के समीपवर्ती जिलों के 7500 से अधिक मरीज भर्ती हुए हैं और उनको स्वास्थ्य लाभ हुआ है। श्री काश्यप ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश कोरोना संकट से उबर गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा प्रदेश में अनाथ बच्चों के संरक्षण एवं पालन पोषण हेतु योजना लागू की गई है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूरे देश में लागू करने का फैसला लिया है, जो उन्हें संवेदनशील राजनेता के रूप में पूरे देश में स्थापित करता है।

रतलाम में ऑक्सीजन प्लांट लगने से सामान्य समय में 140 बेड को सम्पूर्ण ऑक्सीजन प्राप्त होगी और इससे मेडिकल कॉलेज को प्रतिमाह ऑक्सीजन खरीदी के रूप में 10 लाख रूपए की बचत होगी। कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने किया। इस दौरान ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, डीन डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, डीआईजी प्रशांत सक्सेना, एसपी गौरव तिवारी एवं भाजपा जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण व मण्डल अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

3/6/21

12504

54 दिन बाद तालाबंदी में आंशिक संशोधन

# 50 प्रतिशत दुकानें खोलने की अनुमति, किराने में दिखी ग्राहकी

## तालाबंदी के पालन हेतु सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही है निगरानी



### एक दिन दाएं, दूसरे दिन बाएं तरफ खुलेगी दुकानें

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में 9 अप्रैल से तालाबंदी की गई थी, इस दौरान सम्पूर्ण बाजार बंद था। कुछ आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद थे। संक्रमण दर कम होने के बाद आपदा प्रबंधन समिति के निर्णय के साथ ही जिला प्रशासन ने धारा 144 में प्रभावशील आदेशों में संशोधन करते हुए 1 जून से 25 प्रतिशत दुकानों को व्यापार करने की छूट दी गई थी, तत्पश्चात 3 जून से 50 प्रतिशत दुकानें खोलने की अनुमति दी गई है, जिसमें 1 दिन दायें तरफ और दूसरे दिन बायें तरफ की दुकानें अल्टरनेट दिन में शाम 5 बजे तक खोलने के आदेश दिए गए है।

दुकानें भले ही खुल गई हो लेकिन केवल किराने की दुकानों पर ही भीड़ नजर आई। शेष दुकानों पर इक्का-दुक्का ही ग्राहक दिखे। सराफा, बर्तन बाजार, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक दुकानों सहित प्रमुख अन्य दुकानों पर ग्राहकों की संख्या नहीं के बराबर थी। सबसे ज्यादा भीड़ धान मंडी क्षेत्र में देखी गई, जहां पर किराना व अन्य खाद्य सामग्री की दुकानें है। प्रशासन ने आज जो छूट दी उसका असर सड़कों की आवाजाही पर पड़ा। कहीं-कहीं तो इतनी भीड़ थी कि वाहन निकालने में भी परेशानी हुई।

### रूल ऑफ सिक्स का पालन नहीं करने पर कार्रवाई

इस आदेश के तहत प्रत्येक दुकान पर रूल ऑफ सिक्स के अनुसार एक समय में अधिकतम 6 व्यक्ति उपस्थित रह सकते है, परन्तु फिर भी कुछ लोगों द्वारा नियमों की अनदेखी कर अनुमति के बिना अपनी दुकान खोलकर भीड़ एकत्र कर रहे है। इसी तारतम्य में अनलॉक होने के बाद पिछले 2 दिनों से कार्रवाई कर नियमों का उल्लंघन कर दुकान खोलने वाले रूल ऑफ सिक्स का पालन न करने वाले कुल 27 दुकानों की सील कर दुकान मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

### बाजार पर 250 कैमरों की नजर

इसी तारतम्य में रतलाम शहर में लगे 250 से अधिक शासकीय सीसीटीवी कैमरों के जरिये सीसीटीवी कंट्रोल रूम से बाजारों पर निगरानी रखी जा रही है एवं जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान के सामने भीड़ का जमावड़ा लगा रखा है या ग्राहकों व दुकान मालिकों द्वारा मास्क का उपयोग नहीं किया जा रहा है उनके वीडियो व फोटोग्राफ संबंधित थाने को भेजकर कार्रवाई कराई जा रही है।

### ठेलेवालों को जबरन परेशान न किया जाए

प्रशासन ने थाने वाईज समितियां बनाई है जो तालाबंदी का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। लोगों का कहना है कि चीता फोर्स के जवान की भूमिका ठीक नहीं है। वे छोटे-छोटे लोगों को परेशान कर चालान बना रहे है। प्रशासन को चाहिए कि अनावश्यक रूप से दुकानदारों को परेशान न करें और ना ही ठेलेवालों को। ठेलेवाला भी यदि कहीं धूप से बचने के लिए छांव में खड़ा हो जाता है, उसे भी धमका कर भगा दिया जाता। ऐसे ही बाजारों में आज कई स्थान पर लोगों ने देखा जो लोगों की समझ से परे है। जिला प्रशासन ने भी यह निर्देश दिए है कि लोगों को बिना वजह परेशान न किया जाए, जिस पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। राजनैतिक दलों को भी चाहिए कि वह इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर अनावश्यक रूप से परेशान करने वालों पर कार्रवाई करें। कोरोना काल में जहां लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए जाना जरूरी है वहीं मानवीय दृष्टिकोण भी हर व्यक्ति को ध्यान में रखना होगा, क्योंकि इस दौर में गरीब और मध्यम वर्ग ही ज्यादा परेशान है और वही सबसे अधिक प्रताड़ित किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने जारी किया आदेश

पूर्व में रतलाम शहर में साप्ताहिक संक्रमण दर 5 प्रतिशत से अधिक होने से 25 प्रतिशत प्रतिष्ठानों को खोलने की अनुमति प्रदान की गई थी। वर्तमान में साप्ताहिक संक्रमण दर 5 प्रतिशत से कम होने होने से नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त प्रतिष्ठानों (प्रतिबंधित गतिविधियों को छोड़कर) 3 जून से आगामी आदेश तक 50 प्रतिशत दुकानें एक दिन गुरुवार को दायें तरफ व दूसरे दिन शुक्रवार को बायें तरफ की आगामी समय में भी अल्टरनेट दिन में इसी तरह (प्रत्येक शनिवार-रविवार को छोड़कर) शाम 5 बजे तक खुल सकेगी।

### रेस्टोरेंट एवं भोजनालय होम डिलेवरी के लिए खुल सकेंगे

सभी रेस्टोरेंट एवं भोजनालय केवल टेक होम डिलेवरी के लिए खुल सकेंगे, लेकिन चाट, पोहा एवं स्ट्रीट फूड, हेयर सैलून की दुकानें खोलने की अनुमति नहीं होगी। अनुमत्य गतिविधियों हेतु किसी भी स्थान पर 6 से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। आयुक्त नगर पालिक निगम को नगर निगम सीमा क्षेत्र में मार्किंग कर दुकानें खोले जाने के संबंध में व्यवस्था करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

स्वदेश 5/6/21

# 250 सीसीटीवी कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से कर रहे निगरानी

## अनलॉक के बाद पुलिस ने शुरू किया फ्लैग मार्च



कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करते हुए।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अनलॉक की प्रक्रिया में गुरुवार से 50 प्रतिशत बाजार खोलना शुरू किया है। पहले दिन दुकानें दाहिनी तरफ और दूसरे दिन बाई तरफ की दुकानें खोलने की अनुमति दी गई है। दुकान पर रूल ऑफ सिक्स लागू किया है। दुकान में एक समय में ग्राहक सहित 6 व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं।

एसपी गौरव तिवारी ने बताया शहर में 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के जरिये कंट्रोल रूम से निगरानी रखी जा रही है। जिस दुकान में भीड़ का जमावड़ा और मास्क पहने बगैर लोग दिखेंगे वीडियो और फोटोग्राफ लिए जा रहे हैं।

### शाम को दुकानें बंद कराईं

अनलॉक प्रक्रिया में शाम पांच बजे तक दुकान खुलने की अनुमति थी। शाम पांच बजे बाद पुलिस ने दुकानें बंद करवाना शुरू कर दी। शाम करीब 6 बजे पुराने कंट्रोल रूम से शुरू हुआ पुलिस का फ्लैग मार्च दिलबहार चौराहा, फव्वारा चौक, कॉन्वेंट स्कूल, काजीपुरा, हरमाला रोड, त्रिपोलिया गेट, चांदनी चौक, चौमुखी पुल, घास बाजार, हरदेवलाला की पीपली, धानमंडी, हाट रोड, सागोद रोड, डोंगरे नगर, कस्तूरबा नगर, 80 फीट रोड, अलकापुरी, इंद्रा नगर, जवाहर नगर, राम मंदिर, फ्रीगंज, डोसीगांव होते कंट्रोल रूम पहुंचा।



# वैक्सीनेशन के लिए संगठन अपने सदस्यों की सूची दें

## विशेष कैंप लगाकर वैक्सीनेशन किया जाएगा

रतलाम। रतलाम शहर में व्यवसायिक गतिविधियों में लगे कर्मचारी एवं होम डिलीवरी कर रहे कर्मचारियों का प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर इन कर्मचारियों का वैक्सीनेशन विशेष कैंप में किया जा रहा है। एसडीम रतलाम शहर श्री अभिषेक गहलोत बताया कि रतलाम शहर के व्यवसायिक गतिविधियों से जुड़े कर्मचारियों का वैक्सीनेशन विशेष कैंप में किया जा रहा है। औद्योगिक संस्थाओं के कर्मचारियों, बैंक कर्मचारी, रेलवे कर्मचारी, मंडी व्यापारी, हम्माल, तुलावटी मंडी कर्मचारियों आदि का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में अन्य व्यवसायिक संगठनों से उन्होंने आग्रह किया है कि वे अपने सदस्यों की पूरी सूची प्रदान करें ताकि उनके लिए विशेष कैंप लगाकर सभी कर्मचारियों का वैक्सीनेशन किया जा सके। सूची में व्यक्ति का नाम, उम्र, मोबाइल नंबर एवं आधार नंबर होना आवश्यक है। संगठन अपनी पूरी सूची बनाकर अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर के कार्यालय में शीघ्र प्रस्तुत करें जिसकी सूची पहले प्राप्त होगी उसे प्राथमिकता के आधार पर विशेष कैंप आयोजित कर वैक्सीनेशन का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने रतलाम शहर के विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े संगठन से आग्रह किया है कि इस विशेष वैक्सीनेशन कैंपेन का लाभ लेते हुए सभी कर्मचारियों का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराया जाना सुनिश्चित करें। स्वतंत्र

स्वतंत्र ले‍खा‍न ५।६।२१

# 14 पाजिटिव केस मिले, 91 लोग स्वस्थ होकर अपने घर लौटे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में बेकाबू कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर धीरे-धीरे काबू में आ रही है। इससे नए संक्रमितों की संख्या में लगातार कमी आ रही है और स्वस्थ होने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मौत के आंकड़े में भी कमी आ रही है। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। कोरोना की रोकथाम के लिए जिले में लगातार सख्ती बरती जा रही है। सभी जगह लाकडाउन का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है। गुरुवार को 14 नए पाजिटिव केस सामने आए। मौत एक भी नहीं हुई। 91 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया।

**मेडिकल कालेज में 459 बेड खाली:** शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से गुरुवार को 16 व्यक्ति स्वस्थ होकर घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि नौ नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 25 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में 28 पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में 34 पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से चार पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 91 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 47 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 459 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5878, करंट स्टाक 145 है।

**सात मरीजों को मेडिसिन किट वितरित:** ई-दक्ष केंद्र से गुरुवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से आठ मेडिसिन किट लेकर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। सूची अनुसार सात मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। एक मरीज के पास पूर्व से किट पाई गई। इसके अलावा 14 मेडिसिन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

**नगरीय क्षेत्र में 249 कंटेनमेंट जोन बनाए:** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। इसके तहत नगरीय क्षेत्र में अब तक 249 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। गुरुवार को को फायर लारी व ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज, नजरबाग, मोचीपुरा, शेरानीपुरा, काजीपुरा, रत्नपुरी, काटजू नगर, मदरसा दारूलम खाचरौद रोड सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया।

# शहर में 25 दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई हुई

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत बुधवार को 187 लोगों के विरुद्ध बिना मास्क पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए 18700 रूपये की पेनल्टी वसूली गई। इसी प्रकार 25 दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 23900 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर श्री अभिषेक गेहलोत के मार्गदर्शन में कार्यरत थाना वार टीमों ने उक्त कार्रवाई की।

रतलाम शहर के पुलिस थाना माणकचौक अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी अधिकारी कार्यपालन यंत्री पी.एचई श्री प्रदीप गोगादे के साथ पुलिस विभाग का अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी तैनात किए गए हैं। यह टीम प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक जिला परियोजना अधिकारी श्री बी.एल. पाटीदार एवं टीम तैनात रही। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 30 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 3000 तथा 2 दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही पर 5500 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई। पुलिस थाना दीनदयाल नगर अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए टीम प्रभारी जिला पंजीयक श्री पी.पी. बाजपेयी के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक तथा इसी थाना क्षेत्र में टीम प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मास्क वाले 45 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर 4500 रुपए पेनल्टी वसूली गई तथा 14 दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए 1400 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र के लिए प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक टीम प्रभारी एसडीओ लोक निर्माण विभाग श्री सी.के. राय के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक एवं टीम प्रभारी उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. मनोज शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक तैनात रहे। इस टीम द्वारा मंगलवार को बिना मात्रा वाले 68 व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए 6800 रूपए की पेनल्टी वसूली गई तथा 6 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 12500 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई।

इसी तरह पुलिस थाना स्टेशन रोड के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण सीमा क्षेत्र में प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक टीम प्रभारी श्री वाघे प्रबंधक पीआईयू के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहे, इसी थाना क्षेत्र में दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक टीम प्रभारी महाप्रबंधक उद्योग श्री मुकेश शर्मा के साथ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी दल तैनात रहा। इस टीम द्वारा मंगलवार को 44 व्यक्तियों पर बिना मास्क की कार्रवाई करते हुए 4400 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई तथा तीन दुकानों पर जुर्माना की कार्रवाई करते हुए 4000 रूपए जुर्माना वसूला गया तथा एचडीएफसी बैंक के विरुद्ध 500 रूपए का जुर्माना किया गया।

५/6/२१

# लॉकडाउन यूं ही निकाला, अनलॉक में परेशान करेगा नगर निगम

रतलाम। कोरोना महामारी के चलते रतलाम शहर के बाशिंदों ने 53 दिनों तक लॉकडाउन देखा और घरों से नहीं निकले। इस दौरान नगर निगम के कामकाज पर कोई रोक नहीं थी, इसलिए उसने सीवरेज संबंधी काम जारी रखे, लेकिन उनके साथ सड़कों से जुड़ें अन्य कार्यों के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई। नतीजतन अनलॉक शुरू होते ही समस्याएं खड़ी हो रही हैं। अनलॉक में सड़क पर आमजन का आवागमन बढ़ते ही कई जगह मार्ग अवरूद्ध हो गए। जबकि नगर निगम चाहता तो इनका कार्य लॉकडाउन में पूरा कर सकता था।

हाल ही में दो बत्ती चौराहे से कान्वेंट तिराहे तक फोरलेन निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इसके लिए ज्योति होटल के सामने वाले हिस्से में जब पाइपलाइन डाली गई, तो सामने वाले हिस्से में की गई खुदाई में भूमिगत नाला धंस गया। इससे अब निगम को नया नाला बनाना पड़ेगा और उसके बाद ही निर्माण हो सकेगा। दो बत्ती चौराहे पर भी पाइप-लाइन डालने के लिए खुदाई की गई है जबकि महाराजा सज्जनसिंह प्रतिमा तक एक हिस्से में निर्माण के चलते आवागमन बंद रहेगा। न्यूरोड पर पहले ही जगह-जगह खुदाई के कारण सड़क क्षतिग्रस्त है। निगम अधिकारी व ठेकेदार काम तेजी से पूरा करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन अब तक की गति देखकर लगता है कि ये कार्य इतनी जल्दी पूरा होना आसान नहीं है। इस कारण वाहन चालकों को परेशानी होगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ फोरलेन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान ठेकेदार निलेश पिरोदिया को सड़क निर्माण कार्य सात दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निगम आयुक्त ने सड़क के बीच स्थित नाले में पाइप डालने के पहले गाद निकालने के लिए झोन प्रभारी पर्वत हाड़े को भी निर्देशित किया है, जिससे बारिश के दौरान डाट की पुल की तरफ से बहकर आने वाले पानी के कारण दो बत्ती क्षेत्र में हर साल होने वाली जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं हो। ज्योति होटल के सामने टूटे नाले का पुनः निर्माण कराने के पहले नगर निगम को उस नाले में जमी गाद व गंदगी निकालने की ओर भी ध्यान देना चाहिए ताकि वर्षाकाल में पानी का बहाव सहजता से हो सके। विडंबना है कि दो बत्ती क्षेत्र शहर का सबसे व्यस्ततम और महत्वपूर्ण क्षेत्र है लेकिन इसके विकास कार्यों को लेकर निगम ने गंभीरता नहीं

..शेष पृष्ठ 2 पर

## बारिश की तैयारियां करने में भी फिसड्डी

नगर निगम का अमला लॉकडाउन के दौरान आने वाले वर्षाकाल की तैयारियां भी अच्छे से कर सकता था, लेकिन वह इसमें भी फिसड्डी रहा। वर्षाकाल से पहले हर साल निगम को शहर के नाले-नालियों की सफाई कराना होती है, ताकि शहर में गंदगी और जलजमाव की स्थितियां नहीं बनें। निगम अमले ने पूरे लॉकडाउन में इस कार्य पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब जबकि वर्षाकाल सिर पर है, तो जीर्ण-शीर्ण मकानों के लिए सूचना पत्र देने सहित कई कार्य सामने हैं। ऐसी स्थिति में बारिश का सामना करने की तैयारियां भी निगम ठीक ढंग से पूरी नहीं कर पाएगा। इसका खामियाजा हर बार की तरह शहरवासियों को ही भुगतना पड़ेगा।

पृष्ठ 1 का शेष

**लॉकडाउन यूं**

दिखाई। लॉकडाउन के 53 दिनों में इस क्षेत्र के सारे कार्य पूरे किए जा सकते थे, लेकिन निगम अमला तब सोया रहा और अब जबकि अनलॉक हो गया है, तो निगम द्वारा निर्माण कार्य तथा खोदाई की जा रही है। इससे आमजन को लगातार कई दिनों तक परेशानी देखना पड़ेगी।

नगर निगम द्वारा दो बत्ती ही नहीं शहर के कई प्रमुख बाजारों में ढुलमुल तरीका अपनाया गया है। इससे सीवरेज लाइन डालने के बाद सड़क के बीच गड्ढे भरने का कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। धानमंडी, कसारा बाजार, चांदनी चौक, गौशाला रोड आदि कई इलाकों में गड्ढे खोदकर ऐसे ही छोड़ दिए गए हैं। अनलॉक होते ही सड़क पर यातायात बढ़ने से जहां हादसे होने की आशंका है, वहीं आम नागरिकों को लंबे समय तक अब परेशानी का सामना भी करना पड़ेगा।

उपज 3/6/21

# कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर का फैलाव हुआ नियंत्रित

## कोरोना अनुकूल व्यवहार के लिये जागरूकता जन-आंदोलन

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जन-भागीदारी की रणनीति को अमल में लाकर कोरोना की दूसरी लहर में संक्रमण के फैलाव को तेजी से नियंत्रित कर लिया गया है। संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बच्चों, गरीबों, कोरोना से पीड़ित परिवारों, छोटे व्यापारी, ग्रामीण पथ विक्रेताओं आदि को कोरोना संक्रमण के इस विकट दौर में हर-संभव मदद पहुँचायी। कोरोना संक्रमित व्यक्तियों के समुचित इलाज के लिये सभी जरूरी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गयी। इसी बीच म्यूकोरमाइकोसिस के मरीजों के लिये इंजेक्शन, दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सा के अन्य इंतजाम तेजी से किये गये। मुख्यमंत्री श्री चौहान के निर्देश पर कोरोना अनुकूल व्यवहार अपनाने के लिये जागरूकता जन-आंदोलन संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना संक्रमण को नियंत्रित कर समाप्त करने और आमजनों को कोरोना कर्फ्यू से सुरक्षित तरीके से अनलॉक की ओर वापस लाने के लिये मंत्री-समूहों की अनुशंसाएँ ली। हर स्तर की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों का व्यापक सहयोग कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के प्रत्येक चरण में लिया गया। उन्हें जिम्मेदारियाँ सौंपी गयी। परिणामस्वरूप मई के प्रथम सप्ताह से प्रतिदिन प्रदेश का पॉजिटिविटी रेट लगातार घटता हुआ 2 जून 2021 को 1.24 प्रतिशत रह गया है। एक जून को प्रदेश में 79 हजार 794 टेस्ट किये गये, जिसमें से 991 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव आये। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 17 हजार 136 है। एक्टिव केसेज की संख्या के हिसाब से 21 अप्रैल को मध्यप्रदेश देश में सातवें नंबर पर था, जो 2 जून 2021 की स्थिति में 17वें नम्बर पर है। प्रदेश में प्रतिदिन नये पॉजिटिव प्रकरणों की तुलना में रिकवरी अधिक हो रही है। प्रदेश में रिकवरी रेट लगातार बढ़कर 2 जून को 96.77 प्रतिशत हो गया है। बुरहानपुर और पन्ना को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में कोरोना के नये केसेज की तुलना में रिकवरी अधिक रही है। एक जून को अलीराजपुर जिले में एक भी पॉजिटिव प्रकरण सामने नहीं आया।

स्वतंत्र रतलाम ५/६/२१

# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

**रतलाम।** नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है, साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। प्रसारण

प्रसारण 5/6/21

शहर में लगे 250 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों पर निरंतर रखी जा रही है निगाहें

# हाईटेक पुलिस : नियम तोड़ने वालों पर कैमरे से नजर

## जहां भी मिलते हैं छह से ज्यादा लोगों की भीड़ तो संबंधित थानों को फोटो भेजकर करवाते हैं कार्रवाई



रतलाम. भले ही जिले और शहर में कोरोना की रफ्तार कम हो गई हो और जिला प्रशासन ने लॉक डाउन में छूट दे दी है किंतु कुछ प्रतिबंधों के साथ यह छूट दी गई। इन प्रतिबंधों का सख्ती से पालन करवाने और लॉक डाउन का उल्लंघन करने वालों पर निगाह रखने के लिए पुलिस हाईटेक तरीका अपना रही है। शहरभर में लगे 250 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे शहर की हर गतिविधि को कैद कर रहे हैं। जहां कहीं भी नियमों का उल्लंघन होते पाया जाता है तो स्क्रीन शाट लेकर कंट्रोल रूम से संबंधित थाना प्रभारी को भेजकर और वायरलेस सेट से सूचना देकर त्वरित कार्रवाई कराई जा रही है। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने बताया कि लोगों को समझाइश देने के बाद भी वे नियमों को नहीं मान रहे हैं। इसलिए इन पर निगरानी रखने के लिए हाईटेक तरीका अपनाया जा रहा है।

### फोटो, वीडियो और कॉल से सूचना

पुलिस अधीक्षक तिवारी ने बताया कि शहर में लगे 250 से अधिक शासकीय सीसीटीवी कैमरो के जरिये सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोल रूम से बाजारों पर निगरानी रखी जा रही है। हाई रेजुलेशन वाले इन कैमरों को जूमिंग करके बाजारों की भीड़ को देखा जा रहा है। ग्राहकों व दुकान मालिकों ने मास्क का उपयोग नहीं किया होता है उनके वीडियो व फोटोग्राफ बनाकर संबन्धित थाने को भेज कर कार्रवाई कराई जा रही है। साथ ही संबंधित थाना प्रभारी को वायरलैस सेट से भी त्वरित सूचना देकर बल को भीड़ वाले क्षेत्र में भेजा जा रहा है।

पत्रिका। ५/६/२१

# जलकर और संपत्तिकर के साथ भूभाटक व किराये के दंड में छूट

## मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की थी मांग

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लॉकडाउन के कारण जलकर, संपत्तिकर, भूभाटक और किराया नहीं भर पाए शहरवासियों को अब पेनल्टी (अधिभार) नहीं भरना पड़ेगा। गुरुवार को सरकार ने अधिभार में छूट देने का निर्णय लिया है लेकिन कुछ शर्तों के साथ। इसमें पेनल्टी और बकाया मिलाकर कुल राशि के अलग-अलग स्लैब बनाकर 100, 75, 50 और 25 प्रतिशत तक की छूट दी गई है। इसका लाभ लेने के लिए बकायादारों को 31 अगस्त तक पूरा बकाया भरना होगा। विधायक चेतन्य काश्यप ने 11 मई को ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर पेनल्टी में छूट देने की मांग कर दी थी। इस पर नगरीय विकास एवं आवास विकास विभाग के उपसचिव तरुण राठी ने गुरुवार देर शाम अधिभार में छूट संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं।

**आयुक्त ने सुबह ही रुकवा दी थी पेनल्टी वसूली** - शहर के 38 हजार से ज्यादा नल कनेक्शन धारकों को राहत देते हुए आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुरुवार सुबह ही पेनल्टी वसूली रुकवा दी थी। शहर कांग्रेस भी कुछ दिनों से छूट की मांग

### छूट को ऐसे समझें

**जलकर** - 10 हजार तक के बकायादारों को अधिभार में 100 प्रतिशत, 50 हजार रुपए तक के बकायादारों को 75% व इससे अधिक के बकायादारों को 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

**संपत्तिकर** - 50 हजार बकायादारों को 100 प्रतिशत, 51 हजार से एक लाख रुपए तक के बकायादारों को 50% और एक लाख से अधिक के बकायादारों को सिर्फ 25% छूट मिलेगी।

**भूभाटक/किराया** - 20 हजार रुपए तक बकाया होने पर अधिभार में 100%, 50 हजार तक बकाया पर 50% और इससे अधिक पर 25 % की छूट मिलेगी।

अप्रैल-मई में नगर निगम में जलकर के रूप में लगभग 1.70 करोड़ रुपए जमा होते थे। यह सालभर में सबसे ज्यादा रहते थे। कोरोना ने दो साल से इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। बीते साल इन्हीं दो माह में महज 10 से 12 लाख रुपए जमा हुए थे, वह भी ऑनलाइन। इस साल फिर भी मई में पूरे दस दिन काउंटर खुल रहे, जिसके चलते 53 लाख जमा हुए थे।